# मेरी नैया डगमग डोले श्री राम भजन लिरिक्स

मेरी नैया डगमग डोले,
तुम बिन मेरा कौन सहाई,
रघुकुल नंदन श्री रघुराई,
हम नादां हम भोले,
मेरी नैया डगमग डोले ।bd।

तर्ज – मेरा परदेसी ना आया ।

---

जीवन की ये लहर लहरियां,
मुझको रही उलझाये,
माया में मन उलझा उलझा,
एक ही आखर बोले,
मेरी नैया डगमग डोले ।bd।

---

तुमसे मैने ये तन पाया,
और सांसो की डोरी,
तेरी अमानत है ये सांसे,
कतरा कतरा बोले,
मेरी नैया डगमग डोले ।bd।

---

मोह माया में फसकर के मैं,
तुझ तक पहुच न पाऊँ,
'राजेन्द्र' के भव बंधन तुम बिन,
कौन भला अब खोले,
मेरी नैया डगमग डोले ।bd।

---

मेरी नैया डगमग डोले,
तुम बिन मेरा कौन सहाई,
रघुकुल नंदन श्री रघुराई,
हम नादां हम भोले,
मेरी नैया डगमग डोले ।bd।

गीतकार / गायक – राजेन्द्र प्रसाद सोनी ।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे । वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com